'छात्र अपने आराम क्षेत्र से बाहर निकलें और नई चुनौतियों को स्वीकार करें'

जालंधर| एपीजे इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग टेक्निकल कैंपस ने एलूमिनी टॉक की मेजबानी की। जिसमें एमबीए 2006 बैच के पूर्व छात्र सौरभ सेठी शामिल थे। आयोजन का उद्देश्य छात्रों को जीवन और उनके चुने हुए व्यवसायों में सफलता के लिए प्रेरित करना और मार्गदर्शन करना था। उन्होंने अकादमिक अंक को महत्व देने की अपेक्षा सफलता को प्राप्त करने के लिए ज्ञान और समझ की निरंतर खोज और डिग्री के बजाय कौशल इकट्ठा करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि 'दोस्त बनाएं, अनुयायी नहीं।' क्योंकि साथियों का एक मजबूत नेटवर्क किसी के व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास में सहायक हो सकता है। उन्होंने छात्रों से अपने आराम क्षेत्र से बाहर निकलने और नई चुनौतियों को स्वीकार करने का आग्रह किया, क्योंकि अनुभव व्यक्तिगत विकास और चरित्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।